**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

**विश्व पर्यावरण दिवस 2023 के अवसर पर पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन**

पन्तनगर। 06 जून 2023। विश्व पर्यावरण दिवस 2023 के अवसर पर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि कुलसचिव डा. दीपा बिनय, कार्यवाहक अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय डा. ए.के. गौड़, विभागाध्यक्ष पर्यावरण विज्ञान विभाग एवं कार्यक्रम संयोजक डा. आर.के. श्रीवास्तव, अतिथि प्रवक्ता डा. वीर सिंह, कार्यक्रम आयोजक डा. श्वेता सारस्वत ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ परिसर में वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर डा. दीपा बिनय ने पर्यावरण के महत्व को समझाते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने जन्मदिन पर पेड़ लगाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हमें पानी बचाना चाहिए और अपने आस–पास को स्वच्छ रखना चाहिए। वर्तमान में प्लास्टिक प्रदूषण से हो रहे खतरे के निदान हेतु वैज्ञानिक तरीका ढूँढने के लिए प्रेरित किया। डा. वीर सिंह ने पर्यावरण का ध्यान रखने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में किस तरह प्लास्टिक प्रदूषण बढ़ता जा रहा है एवं विश्व के सभी देश इस प्रदूषण से होने वाली बीमारियों से ग्रसित हो रहे है। डा. ए.के. गौड़ ने पर्यावरण पर अपने विचार रखते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा। डा. आर के श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को लगाए गये पेडों की रक्षा हेतु जिम्मेदारी दी और विद्यार्थियों ने अपने–अपने लगाये पेड़ की रक्षा करने का संकल्प लिया। डा. श्रीवास्तव ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व एवं प्लास्टिक प्रदूषण से निजात पाने के तरीको से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम की आयोजिका डा. श्वेता सारस्वत ने सभी अतिथियों एवं छात्रों का इस अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी को शपथ दिलायी।

विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण विषय पर क्विज एवं एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मौके पर छात्र–छात्राओं द्वारा पर्यावरण प्रदूषण व पर्यावरणीय मुद्दों पर अपने विचार रखे गये, जिसमें एक्सटेम्पोर में प्रथम स्थान निखिल सेवियो ने प्राप्त किया। सौरभ माहेश्वरी एवं गौरव तिवारी ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज में दीक्षा, सौरभ एवं निष्ठा ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने विश्व पर्यावरण दिवस 2023 के अवसर पर 'आओ पर्यावरण बचायें–जीवन को खुशहाल बनाये' के नारे के साथ पर्यावरण के संरक्षण के प्रति संकल्पवान बनने हेतु परिसरवासियों का आह्वान किया।



*पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौध रोपण करती कुलसचिव डा. दीपा विनय।*